RCScE राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

लेखाशास्त्र

कक्षा– 12

प्रश्न बैंक

2022-23

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
उदयपुर

कोरोना से बचाव के उपाय

हाथ धोने के पाँच आसान चरण



1

सबसे पहले होता है हाथ गीला,
फिर हाथ पर नाचे साबुन रंगीला

2

हाथ से होता फिर हाथ का साथ,
फिर घूम के आगे पीछे खेले हाथ,

3

खेलो तब उंगलियों
में घुसकर

4

फिर चलाओ नाखूनों में घुसकर

5

हाथ करें फिर पानी में छम-छम,
क्योंकि साफ हाथ में ही है दम

सावधानी हेतु सुझाव

1. साबुन से 20 सेकंड तक हाथ नियमित अंतराल पर धोएँ।
2. मास्क का उपयोग करें।
3. सामाजिक दूरी बनाये रखें।
4. अनावश्यक एवं बार-बार घर से बाहर जाने से बचें।
5. सर्दी-खाँसी या हल्का बुखार होने पर नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में डॉक्टर को दिखावें।

मुख्य संरक्षक

माननीय श्री बी.डी. कल्ला
शिक्षा मंत्री,
प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

माननीया श्रीमती जाहिदा खान
राज्य मंत्री,
प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर

संरक्षक

श्रीमती अपर्णा अरोड़ा (I.A.S.)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा,
राजस्थान सरकार, जयपुर

डॉ. मोहन लाल यादव (I.A.S.)
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त,
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

श्री गौरव अग्रवाल (I.A.S.)
निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
बीकानेर, राजस्थान

मुख्य मार्गदर्शक

श्रीमती कविता पाठक (R.A.S.)
निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

मार्गदर्शक

डॉ. अनिल कुमार (R.A.S.)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक,
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

श्री शिवजी गौड़
अतिरिक्त निदेशक
राराशैअप्रप, उदयपुर

डॉ. मोटाराम भादू
उपनिदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
जयपुर

श्रीमती मनीषा उज्वल
एसो. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

प्रभारी अधिकारी

श्री बन्ना राम रैगर
असि. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

श्रीमती योगिता शर्मा
सहायक निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

श्रीमती अनामिका चौधरी
असि. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

आमुख

कोविड–19 महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण विद्यालयों में कक्षा कक्षीय शिक्षण प्रभावित हुआ है। हालांकि स्माइल– 3, शिक्षा वाणी, शिक्षा दर्शन व आओ घर से सीखे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को नियमित शिक्षण सामग्री व गृह कार्य उपलब्ध कराया गया है। परंतु नियमित कक्षा कक्षीय शिक्षण के अभाव में विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने का अभ्यास अपेक्षाकृत कम रहा है , इसके कारण विद्यार्थियों में अधिगम अंतराल बढ़ गया है। इसी अंतराल को कम करने व बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा कक्षा 12 के लेखाशास्त्र विषय का प्रश्न बैंक तैयार किया गया है

इस प्रश्न बैंक निर्माण से हमारा उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों को प्रश्नों का हल करके लिखने का पर्याप्त अभ्यास मिले,जिससे बोर्ड परीक्षा परिणाम गुणात्मक एवं संख्यात्मक रूप से श्रेष्ठ रहे। इस प्रश्न बैंक का निर्माण अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है, इसके निर्माण में प्रत्येक पाठ की संपूर्ण विषय वस्तु में से महत्वपूर्ण प्रश्नों का चयन किया गया । इस प्रश्न बैंक निर्माण में प्रश्नों के विभिन्न रूप यथा बहुविकल्पी ,रिक्त स्थान ,अति लघुत्तरात्मक, लघुत्तरामक एवं निबंधात्मक प्रश्नों को समाहित किया गया है ।लेखा शास्त्र से संबंधित हमारे रोजमर्रा के व्यवहारिक प्रश्नों को प्रश्न बैंक में पर्याप्त स्थान दिया गया है। विषय अध्यापकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने कक्षा शिक्षण के दौरान इन प्रश्नों को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षण करवाएंगे तथा प्रत्येक पाठ के कक्षा शिक्षण के पश्चात इन प्रश्नों का भी विद्यार्थियों को अभ्यास कराए और गृह कार्य में करने हेतु देंगे। बोर्ड परीक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए आप इस प्रश्न बैंक में से इस प्रश्न बैंक में से कुछ मॉडल पेपर तैयार कर विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व का अभ्यास दे सकते हैं ।

आशा है इससे विद्यार्थियों को विषय वस्तु को समझने, लिखित अभ्यास एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित करने में काफी मदद मिलेगी तथा एवं शिक्षक को भी अपनी पढ़ाई हुई विषय वस्तु का मूल्यांकन करने में काफी मदद मिलेगी।

निदेशक
श्रीमती कविता पाठक (RAS)
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अनुक्रमणिका

भाग – 1

अध्याय –01 – अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन 06–15

अध्याय –02 –साझेदारी लेखांकन (आधारभूत अवधारणाएँ)..... 16–20

अध्याय –03 –साझेदारी फर्म का पुनर्गठन – साझेदार का प्रवेश..... 21–27

अध्याय –04 – साझेदार की सेवा निवृति/मृत्यु..... 28–34

अध्याय –05 – साझेदारी फर्म का विघटन.....35–40

भाग – 2

अध्याय–1 अंष पूंजी के लिए लेखांकन.....41–45

अध्याय–2 त्रणपत्रों का निर्गम एवं मोचन..... 46–53

अध्याय–3 कम्पनी के वित्तीय विवरण..... 54–58

अध्याय–4 वित्तीय विवरणों का विश्लेषण 59–62

अध्याय–5 लेखांकन अनुपात..... 63–71

अध्याय–6 रोकड़ प्रवाह विवरण..... 72–76

मॉडल पेपर–1 77–84

मॉडल पेपर–2 85–92

मॉडल पेपर–3 93–100

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

लेखाशास्त्र भाग–1

अध्याय 01 – अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन

बहुविकल्पीय प्रश्न :–

1. प्राप्ति एंव भुगतान खाते में कौन–कौन सी मदें दिखाई जाती हैं ?

(क) चालू वर्ष का प्राप्त चन्दा (ख) अग्रिम प्राप्त चन्दा

(ग) पिछले वर्ष का चन्दा चालू वर्ष में प्राप्त (घ) उपर्युक्त सभी ( )

2. प्राप्ति एंव भुगतान खाता किसका सारांश होता हैं –

(क) रोकड़ बही का (ख) खाता बही का

(ग) क्रय बही का (घ) विक्रय बही का ( )

3. मूल्य ह्रास को प्राप्ति एवं भुगतान खाते में दिखाया जाता है –

(क) प्राप्ति पक्ष में (ख) भुगतान पक्ष में

(ग) किसी पक्ष में नही दिखाया जाता (घ) दोनों पक्ष में दिखाया जाता है ( )

4. चालू वर्ष कि आयगत आय को दर्शाया जायेगा –

(क) केवल प्राप्ति और भुगतान खाते में (ख) केवल आय–व्यय खाते में

(ग) उपर्युक्त दोनों खातों में (घ) तुलन पत्र में ( )

5. अलाभकारी संस्थाएँ निम्न में से किस प्रपत्र का निर्माण नही करती हैं –

(क) प्राप्ति एंव भुगतान खाता (ख) लाभ हानि खाता

(ग) आय–व्यय खाता (घ) चिठ्ठा ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

6. लेखा बहियों कि गणितीय शुद्धता की जाँच के लिये बनाया जाता है –

(क) प्राप्ति एंव भुगतान खाता (ख) तलपट

(ग) आय–व्यय खाता (घ) तुलन पत्र ( )

7 प्राप्ति एंव भुगतान खाता में कौनसी मद नहीं दिखाई जायेगी –

(क) किराया (ख) वेतन

(ग) मूल्य ह्रास (घ) चन्दा ( )

8 गैर रोकड़ मद में शामिल होता है –

(क) ह्रास (ख) बकाया व्यय

(ग) अर्जित आय (घ) उपर्युक्त सभी ( )

9 वर्ष के आरम्भ में बैंक अधिविकर्ष होनें कि स्थिति में इसे प्राप्ति एंव भुगतान खाते में दर्शायेगें–

(क) प्राप्ति पक्ष में (ख) भुगतान पक्ष में

(ग) दोनों में (घ) प्राप्ति एंव भुगतान खाते में नहीं दर्शायेग ( )

10 प्राप्ति एंव भुगतान खाते के अन्त में नाम पक्ष का योग जमा पक्ष के योग से अधिक है तो यह अन्तर कहलायेगा –

(क) रोकड़/बैंक शेष (ख) बैंक अधिविकर्ष

(ग) लाभ (घ) हानि ( )

11 प्राप्ति एंव भुगतान खाते के अन्त में जमा पक्ष का योग नाम पक्ष के योग से अधिक है तो यह अन्तर कहलायेगा –

(क) बैंक अधिविकर्ष (ख) रोकड़ का नाम शेष

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

(ग) रोकड़ का जमा शेष (घ) बैंक का नाम शेष ( )

12 उपार्जन आधार पर तैयार किया जाता हैं –

(क) प्राप्ति एंव भुगतान खाता (ख) आय व्यय खाता

(ग) रोकड़ खाता (घ) बैंक खाता ( )

13 कौनसा खाता लाभ हानि खाते की तरह होता है –

(क) प्राप्ति एंव भुगतान खाता (ख) रोकड़ खाता

(ग) आय और व्यय खाता (घ) पूंजी खाता ( )

14 आय और व्यय खाते का अन्तिम शेष प्रकट करता है –

(क) लाभ (ख) हानि

(ग) न लाभ न हानि (घ) आधिक्य या घाटा ( )

15 निम्न लिखित में से आयगत मद हैं –

(क) आजीवन सदस्यता शुल्क (ख) विशिष्ट दान

(ग) चन्दा (घ) इनमे से कोई नहीं ( )

16 निम्नलिखित में से पूंजीगत मद है –

(क) चन्दा (ख) आजीवन सदस्यता शुल्क

(ग) सामान्य दान (घ) पुराने समाचार पत्रों का विक्रय ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

17 प्राप्ति एंव भुगतान खाता है –

(क) व्यक्तिगत खाता (ख) नाममात्र का खाता

(ग) वस्तुगत खाता (घ) इनमे से कोई नहीं ( )

18 चालू वर्ष में अग्रिम प्राप्त किराया होता है –

(क) दायित्व (ख) सम्पति

(ग) आय (घ) व्यय ( )

19 पुराने पत्र पत्रिकाओं का विक्रय होता है –

(क) पूंजीगत प्राप्ति (ख) आयगत प्राप्ति

(ग) दायित्व (घ) पूंजीगत लाभ ( )

20 निम्नलिखित में से गैर व्यापारिक संस्था नहीं हैं।

(क) अस्पताल (ख) विद्यालय

(ग) ट्रस्ट (घ) इनमे से कोई नहीं ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–

1. ..... खाता, रोकड़ पुस्तक का सारांश होता है।

2. ..... खाते में, सभी प्राप्तियों एंव भुगतानों को शामिल किया जाता हैं।

3. ..... में आयगत एंव पूंजीगत मदों को दर्ज करने में कोई

भेद नहीं किया जाता है । (प्राप्ति एंव भुगतान खाता/आय व्यय खाता)

4. गैर रोकड़ मदें ..... खाते में शामिल नहीं की जाती हैं।

5. प्राप्ति एंव भुगतान खाता बनाते समय सबसे पहले ..... को दर्ज किया जाता है।

6. आय–व्यय खाता ..... आधार पर तैयार किया जाता है। (उपार्जन/ नकद)

7. अलाभकारी संस्थाएँ भी अपनी वित्तीय स्थिति का प्रदर्शन करने के लिए ..... तैयार करती है। (तुलन पत्र / तलपट)

8. विशेष उद्देश्य के लिए दान को हमेशा ..... आय माना जावेगा। (पूंजीगत/आयगत)

9. आय और व्यय खाते के अधिक्य को पूंजी/सामान्य निधि में ..... जाता है।

10. ..... खाता, पूंजी और आगम के मध्य अंतर नहीं करता हैं। (प्राप्ति एंव भुगतान खाता/आय व्यय खाता)

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

➢ अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

प्र.1 अलाभकारी संस्थाओं का निर्माण क्यों किया जाता हैं ?

प्र.2 आय और व्यय खाता किस खाते के समान होता है ?

प्र.3 रोकड़ बहीं के सारांश के रूप में कौन सा खाता बनाया जाता है ?

प्र.4 आय व्यय खाते का अन्तर क्या कहलाता है ?

प्र.5 प्राप्ति एंव भुगतान खाते के अन्तर को हम क्या कहते हैं ?

प्र.6 मानदेय से क्या अभिप्राय है ?

प्र.7 पूंजी कोष से आप क्या समझते हैं ?

प्र.8 आय व्यय खाते के किस पक्ष में आय को दर्शाया जाता है ?

प्र.9 प्रवेश शुल्क को स्पष्ट किजिए।

प्र.10 विशिष्ट दान से आप क्या समझते हैं ?

प्र.11 व्यापारिक और गैर व्यापारिक संस्था में क्या अन्तर होता है ?

प्र.12 पूंजी कोष में क्या जोड़ा जाता है ?

प्र.13 स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय पर 2000/– कि हानि को कौन से खाते में दर्शाया जायेगा ?

प्र.14 विशिष्ट कोष पर प्राप्त ब्याज को तुलन पत्र में कैसे दर्शाया जाता है ?

प्र.15 वसीयत से प्राप्ति को स्पष्ट करो।

प्र.16 एक क्लब ने 22,500 का फर्नीचर 21000 में बेच दिया । आय व्यय खाते में कितनी राशि दर्शायी जायेगी ?

प्र.17 एक क्लब नें 22,500 का फर्नीचर 21000 में बेच दिया। प्राप्ति एंव भुगतान खाते में कितनी राशि दिखाई जायेगी ?

प्र.18 किसी संस्था की आय 12000 है और पूंजी कोष में आधिक्य के 2000रू क्रेडिट किये गये हो तो संस्था के व्ययों की राशि ज्ञात करो।

प्र.19 अदत व्यय को आय व्यय खाते में कैसे दिखाते है ?

प्र.20 पूर्वदत्त व्यय को तुलन पत्र के किस पक्ष में दिखाया जाता है ?

➢ <u>लघुउत्तरात्मक प्रश्न</u>

प्र.1 अलाभकारी संस्था से क्या आशय है ?

प्र.2 ऐसी संस्थाए जिनका निर्माण लाभ कमाने के उददे्श्य से नहीं किया जाता है, क्या कहलाती हैं ?

प्र.3 अलाभकारी संस्थाओं के अंतिम खातों में क्या–क्या शामिल होते हैं ?

प्र.4 प्राप्ति एंव भुगतान खाते के विशिष्ट लक्षणों को बताइये।

प्र.5 प्राप्ति एंव भुगतान खाता और रोकड़ बही में कोई दो अन्तर बताइये।

प्र.6 चालू वर्ष के लिये प्राप्त चन्दे कि गणना कि क्रिया विधि बताइये।

प्र.7 सामान्य दान एवं विशिष्ट दान में अन्तर बताइये।

प्र.8 स्थायी परिसंपतियों के विक्रय को अलाभकारी सस्थाओं के अन्तिम खातों में कैसे दर्शाया जाता है ?

प्र.9 आजीवन सदस्यता शुल्क को समझाइये।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.10 सरकारी अनुदान को समझाइये।

प्र.11 एक संस्था कि निम्नलिखित सूचनाओं से स्टेशनरी मद में आय–व्यय खाते में दिखाई जाने वाली राशि ज्ञात करो।

स्टेशनरी का प्रारम्भिक स्टॉक	20,000
स्टेशनरी का अन्तिम स्टॉक	30,000
वर्ष के दौरान स्टेशनरी का क्रय	80,000
स्टेशनरी के प्रारम्भिक लेनदार	10,000
स्टेशनरी के अन्तिम लेनदार	40,000

प्र.12 एक क्लब के 500 सदस्य हैं। प्रत्येक सदस्य 100/– प्रतिवर्ष चन्दा देते हैं। वर्ष के प्रारम्भ में 1000 रू और वर्ष के अन्त में 1200 चन्दे के बकाया हैं। आय व्यय खाते में दर्शायी जाने वाली राशि क्या होगी ?

प्र.13 एक संस्था में 200 सदस्य हैं, जो 200 रू प्रतिवर्ष चन्दा देते हैं। वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा –

पिछले वर्ष का	10,000
चालू वर्ष का	38,000
अगले वर्ष का	7000

प्राप्ति एंव भुगतान खाते और आय व्यय खाते में दिखाई जाने वाली चन्दे कि राशि ज्ञात करो।

प्र.14 निम्नलिखित सूचनाओं को अलाभकरी संस्थाओं के वित्तीय विवरणों में दर्शाएं :–

खेल निधि	30,000
खेल व्यय	40,000
खेल निधि के लिये वर्ष में प्राप्त दान	15,000
खेल टिकटों का विक्रय	4,000

प्र.15 निम्न लिखित तथ्यों से एक क्लब के वर्ष 2021 के लिये चन्दे से प्राप्त आय कि गणना कीजिए ।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

	1—4—2020	31—3—2021
बकाया चन्दा	6000	7000
अग्रिम प्राप्त चन्दा	4000	5000

वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा 87,500

प्र.16 एक संस्था में 300 सदस्य हैं, प्रत्येक 40 रू सालाना चन्दा देता है।

निम्नलिखित सूचनाओं से अग्रिम प्राप्त चन्दे कि राशि ज्ञात करो।

वर्ष के प्रारम्भ में अग्रिम प्राप्त चन्दा 1200

वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा 10,000

वर्ष के अन्त में बकाया चन्दा 1400

प्र.17 एक संस्था में 1200 सदस्य है प्रत्येक 100 रू सालाना चन्दा देता है।

निम्नलिखित सुचनाओं से अदत्त चन्दे कि राशि ज्ञात कीजिये।

वर्ष के प्रारम्भ में बकाया चन्दा 20,000

वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा 1,35,000

वर्ष के अन्त में अग्रिम चन्दा 30,000

प्र.18 वर्ष 2021 में आय व्यय खाते में दर्शायी जानें वाली किराये की राशि ज्ञात कीजिये।

वर्ष के दौरान किराया चुकाया — 14400

वर्ष के प्रारम्भ में अदत्त — 2000

वर्ष के अन्त में अदत्त किराया — 1500

प्र.19 वर्ष 2021 में आय—व्यय खाते में दर्शायी जाने वाली खेल सामग्री की राशि ज्ञात कीजिये।

1—4—2020 को खेल सामग्री का स्टॉक 3000

वर्ष के दौरान खेल सामग्री हेतु भुगतान 26,300

31—3—2021 को खेल सामग्री के लेनदार 4000

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

31–3–2021 को खेल सामग्री का स्टॉक 3800

प्र.20 एक संस्था की सम्पतियाँ रू 36,400 , दायित्व रू 9200 आप व्यय खाते का डेबिट शेष रू 2700 हो तो पूंजी कोष की राशि ज्ञात करो ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्र.1 अलाभकारी संस्थाओं का अर्थ बताते हूए इनकी विशेषताएँ बताइये।

प्र.2 प्राप्ति एंव भुगतान खाते से आय और व्यय खाता बनानें में निहित चरणों का वर्णन करो।

प्र.3 आय व्यय खाता और प्राप्ति एवं भुगतान खाते के बीच अंतर स्पष्ट करो।

प्र.4 विशिष्ट कोष से क्या आशय है ? विशिष्ट कोष से सम्बन्धित राशि को आय–व्यय खाते में कब दर्शाया जा सकता है ? सम्बन्धित प्रावधान को उदाहरण सहित स्पष्ट करो।

प्र.5 निम्नलिखित सुचनाओ से प्राप्ति एंव भुगतान खाता बनाइये–

01–04–2020 को रोकड़ शेष – 40,000

प्राप्त चन्दा

2020 – 3000

2021 – 26000

2022 – 5000 34,000

प्रवेश शुल्क	5000	किराया प्राप्त	6000
वेतन चुकाया	9400	मानदेय	1800
छपाई खर्च	3300	विशिष्ट दान	6000
फर्नीचर खरीदा	2000	फर्नीचर पर मूल्यह्रास	200

प्र.7 निम्न प्राप्ति एवं भुगतान खाते व अन्य सूचनाओं से 31–3–2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये आय–व्यय खाता बनाइये।

Receipts and Payments Account
For the year ended 31 March 2021

Receipts	Amount	Payments	Amount
To Cash in Hand	2000	By salaries	50000

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

To Cash at Bank	100000	By Stationery	2000
To Subscription	152400	By Electricity Exp.	7000
To Donation	36000	By Billard Table	50000
To Interest on investment	1800	By Investment	6000
To Entrance Fee	18000	By Purchase of Assets	125000
To Interest received from bank	6300	By Insurance Premium	2400
To Sale of old materials	900	By cash in Hand	4000
		By Cash at Bank	11000
Total	317400	Total	317400

अतिरिक्त सूचनाएं –

1. 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष का बकाया चन्दा – 1,000 रू, इसी वर्ष प्राप्त अग्रिम चन्दा 4000 रू
2. पूर्वदत्त बीमा 300 रू
3. बकाया विविध व्यय 1000 रू
4. प्रवेश शुल्क का 50 प्रतिशत पूँजीकृत करना है।

© RSCERT
NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय–02 , साझेदारी लेखांकन (आधारभूत अवधारणाएँ)

<u>बहुविकल्पीय प्रश्न :–</u>

प्र.1 साझेदारी विलेख हो सकता है।

(क) लिखित (ख) मौखिक

(ग) लिखित या मौखिक (घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 साझेदारी की विशेषता नहीं है –

(क) अनुबन्ध (ख) लाभ का विभाजन

(ग) एक व्यक्ति स्थायी होता है (घ) व्यवसाय का होना

प्र.3 साझेदारी विलेख की विषयवस्तु हैं –

(क) फर्म का नाम (ख) साझेदार का नाम

(ग) साझेदार का पता (घ) उपर्युक्त सभी

प्र.4 साझेदारी संलेख के अभाव में पूंजी पर ब्याज –

(क) नहीं दिया जाता है (ख) अंतिम पूंजी पर दिया जाता है

(ग) प्रारम्भिक पूंजी पर दिया जाता हैं। (घ) 6% वार्षिक की दर से दिया जाता है

प्र.5 साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदार से ऋण पर ब्याज दिया जायेगा –

(क) 6% वार्षिक (ख) 4% वार्षिक

(ग) 10% वार्षिक (घ) 9% वार्षिक

प्र.6 साझेदारी संलेख के अभाव में निम्नलिखित में से क्या दिया जायेगा–

(क) साझेदार को वेतन (ख) साझेदार के ऋण पर ब्याज

(ग) पूंजी पर ब्याज (घ) आहरण पर ब्याज

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.7 साझेदार के ऋण पर ब्याज को क्रेडिट किया जाता है

(क) साझेदार के चालू खाते में (ख) साझेदार के पूंजी खाते में

(ग) साझेदार के आहरण खाते में (घ) साझेदार के ऋण खाते में

प्र.8 आहरण पर ब्याज पूंजी खाते में किस पक्ष में दिखाया जाता है।

(क) Dr पक्ष में (ख) Cr पक्ष में

(ग) दोनो में (घ) इनमे से कोई नहीं

प्र.9 साझेदार के चालू खाते का शेष हो सकता है –

(क) केवल Dr (ख) केवल Cr

(ग) Dr या Cr कोई भी (घ) इनमे से कोई नहीं

प्र.10 लाभ हानि नियोजन खाता है

(क) व्यक्तिगत (ख) नाम मात्र का

(ग) वस्तुगत (घ) उपर्युक्त में से कोई नही

प्र.11 साझेदार के मध्य लाभों का बटँवारा दर्शाने हेतु कौन सा खाता बनाया जाता है ?

(क) लाभ हानि खाता (ख) लाभ हानि नियोजन खाता

(ग) लाभ हानि समायोजन खाता (घ) साझेदारों के पूंजी खाते

प्र.12 साझेदार का चालू खाता होता है –

(क) व्यक्तिगत खाता (ख) वस्तुगत खाता

(ग) नाममात्र का खाता (घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.13 फर्म के लिये साझेदार के आहरण पर ब्याज

(क) व्यय है (ख) हानि है

(ग) आय है (घ) पूंजीगत आय है

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.14 पूंजी पर ब्याज कि गणना होती हैं

(क) प्रारम्भिक पूंजी पर (ख) अन्तिम पूंजी पर

(ग) आहरण (घ) औसत पूंजी पर

प्र.15 साझेदारों के चालू खाते कब खोले जाते हैं ?

(क) जब पूंजी खाते परिवर्तनशील हो (ख) जब पूंजी खाते स्थिर हो

(ग) उपर्युक्त दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

<u>अतिलघुउत्तरीय प्रश्न</u>

प्र.1 साझेदारी से क्या आशय है ?

प्र.2 साझेदारी किसे कहते है ?

प्र.3 फर्म से क्या तात्पर्य है ?

प्र.4 एक फर्म में न्यूनतम कितने साझेदार होते हैं ?

प्र.5 साझेदारी व्यवसाय पर नियंत्रण के लिये कौनसा अधिनियम लागू होता है ?

प्र.6 साझेदारी संलेख किसे कहते है ?

प्र.7 क्या वैध साझेदारी व्यवसाय के लिये साझेदारी संलेख का लिखित होना आवश्यक है ?

प्र.8 साझेदारी अधिनियम 1932 के अनुसार साझेदारी की परिभाषा दिजीये।

प्र.9 आहरण पर ब्याज को समझाइये।

प्र.10 स्थिर पूँजी विधि से पूंजी खाते रखने पर साझेदारों से सम्बन्धित व्यवहारों को दर्ज करने के लिये कौन–कौन से खाते खोले जाते हैं ?

प्र.11 यदि समान राशि का आहरण प्रत्येक माह के अन्त में किया जाता है, तो कितने माह का ब्याज लगता है ?

प्र.12 साझेदारों के चालू खाते कब खोले जाते हैं ?

प्र.13 साझेदारो के पूंजी खातों का शेष सामान्यतः कौनसा होता है ?

प्र.14 क्रियाशील साझेदार को देय वेतन, पूंजी खाते के किस पक्ष में दिखाया जायेगा ?

प्र.15 लाभ हानि नियोजन खाता क्यों बनाया जाता है ?

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.16 साझेदार के असीमित दायित्व से क्या आशय है ?

प्र.17 ब्याज की गणना के लिए गुणनफल विधि का सूत्र बताइये।

प्र.18 यदि प्रत्येक तिमाही के मध्य में एक समान राशि का आहरण किया जाता है, तो कितने माह का ब्याज वसूल किया जायेगा ?

प्र.19 यदि साझेदार की पूंजी स्थायी हो, तो आहरण पर ब्याज को कौनसे खाते में दर्शायेगें ?

प्र.20 यदि साझेदार की पूंजी परिवर्तनशील हो तो, आहरण पर ब्याज को कौन से खाते में दर्शायेगें ?

➢ <u>लघुउत्तरीय प्रश्न</u>

प्र.1 साझेदार संलेख के विभिन्न तत्वों का वर्णन करो।

प्र.2 साझेदारों के पूंजी खाते अनुरक्षण कि विभिन्न विधियों का वर्णन करो।

प्र.3 साझेदारों के पूंजी खाते रखने कि विभिन्न विधियों का वर्णन करो।

प्र.4 स्थिर पूंजी विधि से पूंजी खाते रखने पर पूंजी खाते का शेष किन परिस्थितियों में परिवर्तित हो सकता हैं ?

प्र.5 आहरण पर ब्याज कि गणना हेतु, औसत विधि का उपयोग कब किया जा सकता हैं ?

प्र.6 लाभों का नियोजन किसे कहा जाता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट करो।

प्र.7 लाभों पर प्रभार किसको कहा जाता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट करो।

प्र.8 लाभ हानि नियोजन खाते के डेबिट पक्ष में दिखायी जाने वाली किन्ही 3 मदों का नाम लिखिये।

प्र.9 साझेदारी कि मुख्य विशेषताएं लिखिये।

प्र.10 साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले कोई 2 नियम लिखिये।

प्र.11 साझेदारों के स्थिर पूंजी और परिवर्तनशील पूंजी विधि में अन्तर बताइये।

प्र.12 आहरण पर ब्याज कि गणना विधि बताइये।

प्र.13 जब पूंजी खाते परिवर्तनशील विधि से रखे जाते हैं तो पूंजी खाते के क्रेडिट पक्ष में आने वाली कोई चार मदें बताइये।

प्र.14 पूंजी पर ब्याज देने से सम्बन्धित प्रावधानों को समझाइये।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.15 साझेदार के पूंजी खातों और चालू खातों में अन्तर बताइये।

प्र.16 साझेदारी संलेख का लिखित रूप में होना क्यों अच्छा होता है ?

प्र.17 लेखांकन कि दृष्टि से कोई 2 बातें बताइये, जिन्हे साझेदारी संलेख में होना चाहिये।

प्र.18 राज ने 01–10–2020 को 1,00,000 फर्म को ऋण दिये। खाते 31–03–2021 को बन्द होते है, तो उसे कितना ब्याज मिलना चाहिये, जबकि साझेदारी संलेख इस विषय में मौन है ?

प्र.19 A और B एक फर्म में साझेदार हैं। जिनका लाभ विभाजन अनुपात बराबर है। साझेदारी संलेख के अनुसार A को 5000 और B को 12000 वार्षिक वेतन देना है। आहरण पर ब्याज क्रमशः 1500 एवं 2000 है। 31.03.2021 को समाप्त होनें वाले वर्ष के लिये लाभ 50,000 रू हैं। लाभ हानि नियोजन खाता बनाइये।

प्र.20 अनिल और मोहन क्रमशः 40,000 और 30,000 लगाकर साझेदारी में शामिल हुए। वे लाभों को 3:2 के अनुपात में बाँटते हैं। मोहन को 4000 रू वार्षिक वेतन देय है। वर्ष के दौरान अनिल का आहरण 3000 और मोहन का 6000 था। आहरण पर ब्याज क्रमशः 50 और 70 रू है। पूंजी पर 6 % वार्षिक ब्याज देने की व्यवस्था है। इन सभी समायोजन से पूर्व लाभ 10,580रू था। साझेदारों के मध्य लाभों का बटँवारा बताइये।

.....

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय–03, साझेदारी फर्म का पुनर्गठन :– साझेदार का प्रवेश

➢ **बहुविकल्पीय प्रश्न**

प्र.1 नये साझेदार के प्रवेश पर कौन–कौन से समायोजन करना आवश्यक होता है।

(A) नया लाभ विभाजन अनुपात (B) त्याग अनुपात

(C) पूंजी का समायोजन (D) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.2 त्याग अनुपात कि गणना होती है–

(A) पुराना अनुपात–नया अनुपात (B) नया अनुपात–पुराना अनुपात

(C) पुराना अनुपात+नया अनुपात (D) इनमें से कोई नहीं ( )

प्र.3 फायदे के अनुपात कि गणना होती है –

(A) पुराना अनुपात–नया अनुपात (B) नया अनुपात–पुराना अनुपात

(C) पुराना अनुपात+नया अनुपात (D) इनमें से कोई नहीं ( )

प्र.4 नया लाभ विभाजन अनुपात होगा –

(A) पुराना अनुपात–नया अनुपात (B) नया अनुपात–पुराना अनुपात

(C) पुराना अनुपात+नया अनुपात (D) इनमें से कोई नहीं ( )

प्र.5 साझेदारी फर्म का पुनर्गठन होता है

(A) नए साझेदार के प्रवेश पर (B) विद्यमान साझेदार की सेवा निवृति पर

(C) साझेदार की मृत्यु पर (D) उपरोक्त सभी में ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.6 ख्याति के मूंल्याकन की आवश्यकता होती है

(A) नए साझेदार के प्रवेश पर (B) विद्यमान साझेदार की सेवा निवृति पर

(C) साझेदार की मृत्यु पर (D) उपरोक्त सभी में ( )

प्र.7 सम्पतियों एंव दायित्वों के पुर्नमुल्यांकन की आवश्यकता होती है

(A) नए साझेदार के प्रवेश पर (B) विद्यमान साझेदार की सेवा निवृति पर

(C) साझेदार की मृत्यु पर (D) उपरोक्त सभी में ( )

प्र.8 A और B पुराने साझेदार हैं, वे C को नये साझेदार के रूप में प्रवेश देते हैं तो ऐसी दशा में करना होगा –

(A) सम्पतियों एंव दायित्वों के पुर्नमुल्यांकन (B) अवितरित लाभों का बंटबारा

(C) नये लाभ विभाजन अनुपात का निर्धारण (D) उपरोक्त सभी ( )

प्र.9 साझेदार के प्रवेश पर, पुराने तुलन पत्र में दर्शाये गये अवितरित लाभों को वितरित करेगें –

(A) पुराने साझेदारों में (B) नये साझेदारों में

(C) सभी साझेदारों में (D) पुराने साझेदारों में नये अनुपात में ( )

प्र.10 नये साझेदार के प्रवेश पर परिसम्पतियों के मूल्य में हुई कमी को दर्शाया जायेगा

(A) पूंजी खाते में (B) पुनर्मूल्यांकन खाते में

(C) सम्पति खाते में (D) साझेदार के चालू खाते में ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.11 नये साझेदार द्वारा लायी गयी ख्याति की रकम को पुराने साझेदार बाटेगें –

(A) नए लाभ विभाजन अनुपात में (B) पुराने लाभ विभाजन अनुपात में

(C) त्याग के अनुपात में (D) फायदे के अनुपात में ( )

प्र.12 पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि को पुराने साझेदारों में बॉटा जाता है –

(A) नए लाभ विभाजन अनुपात में (B) पुराने लाभ विभाजन अनुपात में

(C) त्याग के अनुपात में (D) फयादे के अनुपात में ( )

प्र.13 ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ है

(A) औसत लाभ विधि (B) अधिलाभ विधि

(C) पूंजीकरण विधि (D) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.14 लाभों में हिस्सा प्राप्त करने के लिये नया साझेदार क्या लाता है –

(A) पूंजी (B) सम्पति

(C) ख्याति (D) ऋण ( )

<u>अतिलघुउत्तरीय प्रश्न</u>

प्र.1 ख्याति से क्या आशय है ?

प्र.2 नया साझेदार किसे कहा जाता है ?

प्र.3 फर्म में नया साझेदार किन साझेदारों कि सहमति पर प्रवेश कर सकता है ?

प्र.4 क्या नये साझेदार के प्रवेश से पुरानी साझेदारी का पुनर्गठन होता है ?

प्र.5 फायदे का अनुपात क्या होता है ?

प्र.6 ख्याति को किस अनुपात में बाँटा जाता है ?

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.7 फायदे के अनुपात की गणना का सूत्र होगा ?

प्र.8 जब नये साझेदार द्वारा पुराने साझेदार को ख्याति की राशि निजी रूप मे दे दी जाती है, तो इसकी लेंखाकन प्रविष्टि क्या होगी ?

प्र.9 जब नया साझेदार अपने हिस्से कि ख्याति नकद नहीं लाता है, तो इसका लेखांकन कैसे किया जाता है ?

प्र.10 पुनर्मूल्यांकन खाता क्यों बनाया जाता है ?

प्र.11 संचित हानि किसे कहते हैं ?

प्र.12 सामान्य संचय से आप क्या समझते हैं

प्र.13 कोई एक अधिकार बताइये जो नये आने वाले साझेदार को फर्म में मिलता है।

प्र.14 त्याग के अनुपात की गणना क्यों की जाती है ?

प्र.15 लेखामानक 10 एंव 26 के अनुसार कौन सी ख्याति को लेखा पुस्तकों में दिखाया जा सकता है ?

प्र.16 नये साझेदार के प्रवेश पर पुस्तकों में पहले से मौजूद ख्याति का क्या किया जाता है ?

प्र.17 पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि को नये साझेदार के पूंजी खाते में हस्तांन्तरित क्यों नहीं किया जाता है ?

प्र.18 A और B बराबर के अनुपात में साझेदार हैं। वे C को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिये साझेदार बनाते है। A और B का त्याग का अनुपात क्या होगा ?

प्र.19 A और B 3:2 के अनुपात में लाभ बाटते हूए साझेदार है वे C को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिये प्रवेश देते हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करों।

प्र.20 पुनर्मूल्यांकन पर लाभ होने पर लेखंकान प्रविष्टि दिजिये।

➢ <u>लघुउत्तरात्मक प्रश्न</u>

प्र.1 साझेदारी फर्म के पुर्नगठन से आप क्या समझते है।

प्र.2 ख्याति को प्रभावित करने वाले घटकों का वर्णन करो।

प्र.3 ख्याति के मुल्यांकन की आवश्यकता को स्पष्ट करो।

प्र.4 ख्याति के मूल्यांकन की पूँजीकरण विधि को समझाइये।

प्र.5 लेखा मानक 25 (अमूर्त परिसंपति की उपयुक्तता) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.6 प्रच्छन्न (छिपी हुई) ख्याति क्या होती है ?

प्र.7 संचित लाभ और हानियों में क्या–क्या शामिल होते हैं ?

प्र.8 पूनर्मूल्यांकन खाता और स्मरणार्थ पूनर्मूल्यांकन खाते में अन्तर बताइये।

प्र.9 औसत लाभ और अधिलाभों में अन्तर बताइये।

प्र.10 फायदे के अनुपात और त्याग के अनुपात में दो अन्तर बताइये।

<u>प्र.11 से प्र.14</u>

A और B 3:2 के अनुपात में लाभ बाँटतें हुए साझेदार हैं। उन्होने C को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिये साझेदार बनाया। निम्नांकित परिस्थितियों में नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करो।

प्र.11. यदि कोई अतिरिक्त सूचना नही है।

प्र.12 C ने अपना हिस्सा केवल A से प्राप्त किया।

प्र.13 C ने अपना हिस्सा A और B से समान मात्रा में प्राप्त किया।

प्र.14 C ने अपना हिस्सा A और B से 2:3 के अनुपात में प्राप्त किया।

प्र.15 A और B 3:2 के अनुपात में लाभ बॉटते हूए साझेदार है उन्होने C को साझेदार बनाया। जिसे A और B ने अपने–अपने हिस्से का आधा भाग दिया। नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करो।

प्र.16 A और B एक फर्म में 3:2 के अनुपात में साझेदार है। उन्होने C को नया साझेदार बनाया। C के प्रवेश के बाद A B और C का नया लाभ विभाजन अनुपात 3:2:1 है। त्याग अनुपात की गणना कीजिए।

प्र.17 A और B एक फर्म में 3:2 के अनुपात में साझेदार है। वे C को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिये साझेदार बनाते हैं जिसके लिये वह 21,000/–ख्याति के नकद लाता है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए–यदि

A. ख्याति निजी रूप से दी गई हो ।

B. पुराने साझेदार आधी ख्याति की राशि निकाल लेते हैं ।

C. ख्याति की राशि फर्म में ही रहती है।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.18 A और B लाभ और हानि को बराबर–बराबर बाँटते है। C को नया साझेदार बनाया। सम्पतियों और दायित्वों का निम्नानुसार पुनर्मूल्यांकन किया गया।

A. स्टॉक को 2,800 रू से बढ़ाया जाय ।

B. फर्नीचर का मुल्य 1500 से घटाया जाय ।

C. देनदार पर 500/– का संदिग्ध ऋणों के लिये आयोजन बनाया जाय।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और पुनर्मूल्यांकन खाता भी बनाइये।

प्र.19 A और B 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। उन्होने C को नया साझेदार बनाया और भविष्य में लाभों को बराबर बाटँने का निर्णय किया। C ख्याति के रूप में 20,000/– नकद और 10,000/– का प्लांट लाया।
आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्र. 20 x और y 16000 तथा 12000 पूंजी साथ साझेदार हैं, उन्होने z को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिये साझेदार बनाया। z पूंजी के रूप में 16000 रू लाया। फर्म कि ख्याति व z के हिस्से कि ख्याति की गणना कीजिए।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः–

प्र.1 ख्याति से आप क्या समझते हैं ? इसके मूल्याांकन कि विभिन्न विधियों का विस्तार से वर्णन कीजिये।

प्र.2 साझेदारी के पुनर्गठन पर सम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों आवश्यक होता है ? पुनर्मूल्यांकन खाते का प्रारूप भी बनाइये।

प्र.3 नये साझेदार के प्रवेश पर किये जाने वाले समायोजनों का विस्तार से वर्णन करो।

प्र.4 फर्म में नये साझेदार के प्रवेश पर ख्याति के व्यवहार की विभिन्न विधियॉ कौनसी है? उदाहरण सहित समझाइए।

प्र.5 पूंजी के समायोजन से क्या आशय है ? पूंजी के समायोजन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।

प्र.6 31–03–2021 को A और B का चिट्ठा निंम्नाकित था वे लाभ हानि 2:1 के अनुपात में बाँटते थे।

Liabilities	Amt.	Assets	Amt.
Capital		Building	28400
A 30000		Machinery	35000
B 20000	50000	Stock	21700
Creditors	65900	Debtors	18800
		Cash	12000
Total	115900	Total	115900

निम्नलिखित शर्तो पर C को $\frac{1}{3}$ भाग के लिये प्रवेश दिया गया –

1. C पूंजी के 15000 रू और ख्याति के 6000 रू लायेगा ।
2. Stock और Machinery के मूल्यों को 10 % कम करना है
3. भवन के मूल्य को 15 % कम करना है।
4. ख्याति की राशि पुराने साझेदारों द्वारा निकाल ली जायेगी।
   आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ देते हुए पूनर्मूल्यांकन खाता और नयी फर्म का प्रारम्भिक चिट्ठा बनाइये।

@ NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 04 , साझेदार की सेवा निवृति/मृत्यु

बहुविकल्पीय प्रश्न :–

प्र.1 किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर अविभाजित लाभ हानि को किस अनुपात में बाँटा जाता है ?

(क) पुराने लाभ विभाजन अनुपात में (ख) नये लाभ विभाजन अनुपात में

(ग) पूंजी अनुपात में (घ) त्याग के अनुपात में ( )

प्र.2 साझेदार की मृत्यु कि दशा में पुनर्मूल्यांकन पर हानि को बाँटा जायेगा –

(क) सभी साझेदारों में (ख) शेष साझेदारों में

(ग) मृत साझेदार को (घ) इनमे से कोई नहीं ( )

प्र.3 साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु कि दशा में, पुनर्मूल्यांकन पर लाभ–हानि किस अनुपात में बाँटा जाता है ?

(क) त्याग के अनुपात में (ख) फायदे के अनुपात में

(ग) पुराने अनुपात में (घ) नये अनुपात में ( )

प्र.4 A, B और C 3:2:1 के अनुपात में साझेदार है। B की मृत्यु हो जाने पर नया लाभ विभाजन अनुपात होगा।

(क) 3:2 (ख) 2:1

(ग) बराबर (घ) 3:1 ( )

प्र.5 A, B और C 3:2:1 के अनुपात में साझेदार है A कि मृत्यु हो जाती है। शेष साझेदारों का फायदे का अनुपात होगा।

(क) 3:2 (ख) 2:1

(ग) 1:3 (घ) बराबर ( )

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.6 किसी साझेदार की सेवानिवृत्ति/मृत्यु होने पर, सेवानिवृत्त/मृतक साझेदार के पूंजी खाते को नाम किया जायेगा–

(क) साझेदार के वेतन से (ख) लाभ के हिस्से से

(ग) हानि के हिस्से से (घ) ख्याति से ( )

प्र.7 किसी साझेदार की सेवानिवृत्ति/मृत्यु होने पर, शेष साझेदार, जो लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण अधिक लाभ प्राप्त करेंगे। वे क्षतिपूर्ति करेगें –

(क) केवल सेवानिवृत्त साझेदार की

(ख) अधिक लाभ प्राप्त करने वाले साझेदार की

(ग) त्याग करने वाले साझेदारों तथा सेवानिवृत साझेदार की

(घ) सभी की ( )

प्र.8 A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं। वे लाभ हानि बराबर बाँटते है। B कि मृत्यु हो जाती है। और शेष साझेदार नयी फर्म के लाभों को 5:4 के अनुपात में विभाजित करनें का निश्चय करते है। फायदे का अनुपात होगा।

(क) 2:1 (ख) 1:2

(ग) बराबर (घ) 5:4 ( )

प्र.9 A, B, C और D एक फर्म में साझेदार है C फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। नया लाभ विभाजन अनुपात और अधिलाभ अनुपात होगा।

(क) बराबर–बराबर (ख) कम–ज्यादा

(ग) 1:2:3 (घ) इनमे से कोई नहीं ( )

प्र.10 एक साझेदार की मृत्यु पर कौन–कौन से समायोजन कि आवश्यकता पड़ती है –

(क) साझेदार की मृत्यु की तिथि तक लाभ की गणना (ख) ख्याति का समायोजन

(ग) परिसम्पत्तियों और दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन (घ) उपर्युक्त सभी ( )

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

➢ अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

प्र.1 अधिलाभ अनुपात से क्या आशय है ?

प्र.2 अधिलाभ ज्ञात करने का सूत्र लिखिए ?

प्र.3 साझेदार के अवकाश ग्रहण करने से आप क्या समझते है ?

प्र.4 त्याग के अनुपात कि गणना का क्यों की जाती है ?

प्र.5 किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर क्या साझेदारी फर्म का पुनर्गठन होता है?

प्र.6 किसी साझेदार के अवकाशग्रहण/मृत्यु पर सम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है ?

प्र.7 अधिलाभ अनुपात की गणना कब–कब की जाती है ?

प्र.8 किसी साझेदार की मृत्यु पर उसको देय राशि का भुगतान किसको किया जाता है ?

प्र.9 किसी साझेदार की सेवानिवृत्ति या मृत्यु कि दशा में उसको देय ख्याति की राशि को शेष साझेदार किस अनुपात में वहन करते हैं ?

प्र.10 चालू लेखावर्ष के प्रारम्भ से किसी साझेदार की मृत्यु की तिथि तक, मृतक साझेदार के लाभ में हिस्से के लिये क्या जर्नल प्रविष्टि होगी ?

प्र.11 किसी साझेदार की मृत्यु का साझेदारी फर्म पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

प्र.12 A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं, नया अनुपात बताइये यादि –

1. A अवकाश ग्रहण करता है।
2. C अवकाश ग्रहण करता है।

प्र.13 A, B और C 2:1:1 के अनुपात में साझेदार है। B फर्म से अवकाश ग्रहण करता है और उसका हिस्सा C द्वारा ले लिया जाता है। नया लाभ विभाजन अनुपात होगा।

प्र.14 किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु कि दशा में पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि को साझेदारों द्वारा किस अनुपात में बाँटा जायेगा ।

प्र.15 किसी साझेदार की मृत्यु पर यदि सम्पत्ति का बाजार मूल्य बढ़ जाता है, तो कौनसी जर्नल प्रविष्टि की जाती है।

प्र.16 अवकाशग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि में से घटायी जाने वाली कोई दो मदें बताइये।

प्र.17 किसी साझेदार की मुत्यु के समय स्थिति विवरण में दिखाई गई ख्याति के लिये कौन सी प्रविष्टि की जाती है ?

प्र.18 एक फर्म में वर्ष 2021 में वास्तविक लाभ–1,68,000 रू और सामान्य लाभ 1,52,000 हो तो अधिलाभ ज्ञात करो।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

प्र.19 एक फर्म का पिछले तीन वर्षों का लाभ निम्नानुसार है –

2019 – 4000

2020 – 12000 (हानि)

2021 – 32000

औसत लाभों के चार वर्षों के क्रय के आधार पर फर्म कि ख्याति की गणना किजीए।

प्र.20 संचित हानियों के हस्तान्तरण पर लेखांकन प्रविष्टि दीजिये।

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

➢ <u>लघुउत्तरात्तक प्रश्न</u>

प्र.1 मृतक साझेदार के उत्तराधिकारी, फर्म से किन किन मदों का भुगतान प्राप्त करने के अधिकारी होते हैं ?

प्र.2 मृतक साझेदार के पूंजी खाते में कौन कौन सी मदें डेबिट की जाती हैं ?

प्र.3 सेवानिवृत्त या मृत साझेदार को देय ख्याति, शेष साझेदारों द्वारा किस अनुपात में वहन की जाती है ? और क्यों ?

प्र.4 किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उत्पन्न होने वाली समस्याँए लिखिये।

प्र.5 किसी साझेदार की मृत्यु की तिथि के समय चिट्ठे में बतायी गई ख्याति की राशि को अपलिखित करने के लिए जर्नल प्रविष्टि दीजिये।

प्र.6 किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण और मृत्यु के बीच में लेखांकन की दृष्टि से क्या अन्तर होता है ?

प्र.7 किसी साझेदार की मृत्यु/अवकाश ग्रहण पर नया लाभ विभाजन अनुपात कैसे निकालते हैं ?

प्र.8 मृतक साझेदार को ख्याति में हिस्सा क्यों दिया जाता है ?

प्र.9 यदि कोई साझेदार अवकाश ग्रहण कर लेता है, तो संयुक्त रूप से शेष साझेदारों का हिस्सा बढ़ेगा या कम होगा ?

प्र.10 मृतक साझेदार के वैधानिक उत्तराधिकारी को देय राशि का निर्धारण कैसे किया जाता है ?

प्र.11 यदि अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का अवकाश ग्रहण पर तत्काल भुगतान नही किया जा सके तो आगामी स्थिति विवरण में उसके हिस्से की राशि को कैसे दर्शाया जायेगा ?

प्र.12 किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण पर पुनर्मूल्यांकन खाते को कैसे बन्द करते हैं ?

प्र.13 A, B और C एक फर्म में 5:4:3 के अनुपात में साझेदार हैं। B फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। उसके हिस्से को A और C ने 3:2 के अनुपात में ले लिया। फायदे के अनुपात की गणना करो।

प्र.14 A, B और C एक फर्म में 5:4:3 के अनुपात में साझेदार है। A फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। फर्म कि ख्याति का मूल्यांकन 48,000 पर किया गया। A को देय ख्याति के लिये आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

प्र.15 A, B और C एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। B फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। फर्म में B का ख्याति का हिस्सा 6000 था। बिना ख्याति खाता खाले ख्याति के व्यवहार के सम्बन्ध में आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

प्र.16 x, y और z क्रमशः 4:2:4 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। y ने अवकाश ग्रहण किया। x और z व्यवसाय चालू रखने तथा लाभों को 1:2 में बाँटने के लिये सहमत हुए। संचय कोष में 30,000/—रू. थे। इसके वितरण हेतु आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिये।

प्र.17 अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के अन्तिम पूंजी शेष को साझेदार के ऋण खाते में हस्तान्तरण हेतु लेखांकन प्रविष्टि कीजिये।

प्र.18 अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का भुगतान करने की विधियों का वर्णन कीजिये।

प्र.19 मृतक साझेदार को किस्तों में भुगतान करने पर प्रतिवर्ष की जाने वाली लेखांकन प्रविष्टियाँ लिखिये।

प्र.20 A, B और C एक फर्म में साझेदार है। C फर्म से सेवानिवृत्त होता है। उसकी सेवानिवृत्त तिथि को उसे 60,000 का भुगतान करना है। A और B ने यह वचन दिया उसे चार समान वार्षिक किस्तों में 12 % ब्याज के साथ भुगतान कर दिया जायेगा। C का ऋण खाता तैयार कीजिये।

दीर्घउत्तरीय प्रश्नः—

प्र.1 फर्म से अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का निर्धारण कैसे किया जाता है ? विस्तार से बताइये।

प्र.2 साझेदार की सेवानिवृत्ति एंव मृत्यु के समय कौन—कौन से समायोजन किये जाते हैं ?

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

सविस्तार बताइये।

प्र.3 मृतक साझेदार को देय राशि का भुगतान करने कि विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

प्र.4 जब कोई साझेदार वर्ष के मध्य में सेवानिवृत्त होता है, तो एसी दशा में सेवानिवृत होने वाले साझेदार की हिस्सेदारी कि गणना किस प्रकार की जायेगी ? विस्तार से वर्णन करो।

प्र.5 किसी साझेदार की सेवानिवृत्ति या मृत्यु के समय शेष साझेदार पूंजी का समायोजन अपने लाभ विभाजन अनुपात में करना चाहें तो, ऐसा करने कि प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिये।

प्र.6 A, B और C एक फर्म में साझेदार थे। वे लाभों को क्रमशः $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ तथा $\frac{1}{6}$ के अनुपात में बाँटते थे। 31.3.2021 को फर्म का स्थिति विवरण इस प्रकार था;

Liabilities	Amt. Rs	Assets	Amt. Rs
Sundry creditors	12,600	Cash at Bank	4100
Provident fund	3,000	Debtors 30,000	
Reserve fund	9,000	Less–provision (1000)	29,000
Capital		Stock	25,000
A	40,000	Investments	10,000
B	36,500	Patents	5,000
C	20,000	Plant & machinery	48,000
	1,21,100		1,21,100

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

उस दिन C ने निम्न शर्तों पर अवकाश ग्रहण किया :

1. फर्म ख्याति का मूल्यांकन 27,000 किया गया , परन्तु उसे नयी फर्म की पुस्तकों में नही दर्शाया जाएगा ।
2. पेटेंट का मूल्य 20 % और प्लांट तथा मशीनरी को 10 % घटाया जाए।
3. संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधन को बढ़ा कर 6 % कर दिया जाए।
4. C ने निवेशों को रू 15,800 में ले लिया ।
5. भविष्य निधि के लिए दायित्व केवल 2500 था।

ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। पुनर्मूल्यांकन खाता,साझेदारों के पूंजी खाते और C के अवकाश ग्रहण के बाद A और B का स्थिति विवरण बनाइए।

.....

© RSCERT
NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय–05 साझेदारी फर्म का विघटन

बहुविकल्पीय प्रश्नः–

प्र.1 फर्म का विघटन कब होता है ?

(क) जब एक साझेदार की मृत्यु हो जाये

(ख) किसी साझेदार द्वारा अवकाश ग्रहण पर

(ग) नये साझेदार के प्रवेश पर

(घ) समस्त साझेदारों के मध्य साझेदारी सम्बंधों की समप्ति पर ( )

प्र.2 फर्म का विघटन हो सकता हैं

(क) समझौते द्वारा (ख) जब फर्म का व्यवसाय गैर कानूनी हो जाए

(ग) न्यायालय द्वारा (घ) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.3 वसूली खाता कब खोला जाता है ?

(क) फर्म के समापन पर (ख) साझेदार के प्रवेश पर

(ग) साझेदार के अवकाश ग्रहण पर (घ) साझेदार की मृत्यु पर ( )

प्र.4 वसूली खाता होता है –

(क) व्यक्तिगत (ख) वस्तुगत

(ग) नाममात्र का (घ) सम्पति का ( )

प्र.5 वसूली खाते द्वारा दर्शाये गये लाभ–हानि का विभाजन सभी साझेदारों में किस अनुपात में किया जाता है?

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

(क) नये अनुपात में (ख) पुराने अनुपात में
(ग) फायदे के अनुपात में (घ) त्याग के अनुपात में ( )

प्र.6 वसूली खाते को किस खाते में हस्तान्तरित करके बन्द किया जाता है –

(क) सम्पति खाते में (ख) दायित्व खाते में

(ग) लाभ हानि खाते में (घ) साझेदार के पूँजी खाते में ( )

प्र.7 निम्नांकित में से कौनसा खाता वसूली खाते में हस्तान्तरित नहीं होता है –

(क) रोकड़ खाता (ख) फर्नीचर खाता

(ग) मशीन खाता (घ) लेनदारों का खाता ( )

प्र.8 सम्पत्तियों एवं दायित्वों को वसूली खाते में कौन से मूल्य पर हस्तान्तरित किया जाता है ?

(क) लागत मूल्य (ख) बाजार मूल्य

(ग) पुस्तक मूल्य (घ) वसूली खाता ( )

प्र.9 निम्नांकित में से कौनसा खाता वसूली खाते में हस्तान्तरित नहीं किया जाता हैं ?

(क) साझेदारों का पूँजी खाता (ख) लेनदार खाता

(ग) देनदार खाता (घ) सम्पत्ति खाता ( )

प्र.10 साझेदारी फर्म के समापन पर पर सबसे पहले किसका भुगतान किया जाता है?

(क) साझेदार के ऋण (ख) साझेदार के चालू खाते का शेष

(ग) साझेदारों की पूंजी (घ) बाहरी दायित्व ( )

प्र.11 बाहरी दायित्वों में सबसे पहले किसका भुगतान किया जाता है?

(क) सुरक्षित ऋण (ख) असुरक्षित ऋण

© RSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

(ग) लेनदार (घ) देय बिल ( )

प्र.12 फर्म के समापन पर वसूली खाते के डेबिट पक्ष में किसको हस्तान्तरित किया जाता है?

(क) साझेदार के पूंजी खाते (ख) सम्पतियाँ

(ग) साझेदार के ऋण खाते (घ) दायित्व ( )

प्र.13 वसूली व्ययों का भूगतान करनें पर किस खाते को डेबिट किया जाता हैं?

